संघ लोक सेवा आयोग

प्रेस नोट

सिविल सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा, 2023

दिनांक: 08 मई, 2023

संघ लोक सेवा आयोग 28 मई, 2023 (रविवार) को देशभर में सिविल सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा, 2023 आयोजित करेगा। आयोग ने प्रवेश दिए गए उम्मीदवारों की सुविधा के लिए अपनी वेबसाइट (http://www.upsconline.nic.in) पर ई-प्रवेश पत्र अपलोड कर दिए हैं। उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे अपना ई-प्रवेश पत्र डाउनलोड कर लें और उसका एक प्रिंटआउट ले लें। सिविल सेवा परीक्षा, 2023 के अंतिम परिणाम की घोषणा तक ई-प्रवेश पत्र को सुरक्षित रखें। इस परीक्षा के लिए कोई कागजी प्रवेश पत्र जारी नहीं किया जाएगा।

उम्मीदवारों को उन्हें आबंटित परीक्षा-स्थल पर परीक्षा देने के लिए ई-प्रवेश पत्र का प्रिंटआउट प्रस्तुत करना होगा। उम्मीदवार परीक्षा के प्रत्येक सत्र में प्रवेश के लिए उस फोटो पहचान पत्र को भी अवश्य लाएं, जिसकी संख्या ई-प्रवेश पत्र पर उल्लिखित है।

यदि ई-प्रवेश पत्र पर फोटो स्पष्ट नहीं है, धुंधली है या उपलब्ध नहीं है तो उम्मीदवारों को परीक्षा-स्थल पर परीक्षा में प्रवेश के लिए, परिवचन (अंडरटेकिंग) के साथ फोटो पहचान-पत्र और ई-प्रवेश पत्र के प्रिंटआउट सहित अपनी दो (2) समरूप फोटो (प्रत्येक सत्र के लिए एक-एक फोटो) साथ लानी होगी।

ई-प्रवेश पत्र में किसी प्रकार की विसंगति के मामले में, आयोग को तत्काल ई-मेल के माध्यम से (ई-मेल आईडी uscsp-upsc@nic.in) सूचित किया जाए, जिससे आयोग ऐसे मामलों में निर्णय ले सके।

उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि अंतिम समय में हड़बड़ी से बचने के लिए ई-प्रवेश पत्र का प्रिंटआउट पहले ही निकाल लें। उम्मीदवार से अनुरोध है कि वे "उम्मीदवारों हेतु महत्वपूर्ण अनुदेश" ध्यानपूर्वक पढ़ लें।

कृपया यह भी नोट करें कि परीक्षा प्रारंभ होने के 10 मिनट पहले परीक्षा-स्थल पर प्रवेश बंद कर दिया जाएगा अर्थात पूर्वाहन सत्र में 09.20 बजे तथा अपराहन सत्र में 02.20 बजे। प्रवेश

बंद होने के पश्चात परीक्षा-स्थल पर किसी भी उम्मीदवार को अंदर जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। उम्मीदवार यह भी ध्यान रखें कि उन्हें उनके ई-प्रवेश पत्र में उल्लिखित परीक्षा-स्थल के अलावा किसी अन्य परीक्षा-स्थल पर परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

उम्मीदवारों को यह भी सलाह दी जाती है कि वे काला बाल प्वाइंट पेन लेकर आएं क्योंकि उम्मीदवारों द्वारा ओएमआर उत्तर पत्रक और उपस्थिति सूची में प्रविष्टियां केवल काले बॉल प्वाइंट पेन से की जानी हैं।

उम्मीदवारों को परीक्षा कक्ष/भवन के भीतर सामान्य अथवा साधारण कलाई घड़ी ले जाने की अनुमति होगी। परन्तु, किसी विशेष एक्सेसरी से युक्त घड़ियां, जिन्हें संचार साधन के तौर पर प्रयोग किया जा सके अथवा स्मार्ट वाच का प्रयोग पूर्णतया वर्जित है और उम्मीदवारों को इस प्रकार की घड़ियां परीक्षा कक्ष/भवन में ले जाने की अनुमति नहीं है।

मोबाइल फोन (यहां तक कि स्विच ऑफ मोड में भी) , पेजर या अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण अथवा प्रोग्राम किए जाने योग्य डिवाइस अथवा पेन ड्राइव, स्मार्ट वॉच आदि जैसा कोई स्टोरेज मीडिया अथवा कैमरा अथवा ब्लूटूथ उपकरण अथवा कोई अन्य ऐसा उपकरण अथवा संबंधित एक्सेसरी, चालू अथवा स्विच ऑफ मोड में, जिनका परीक्षा के दौरान संचार साधन के रूप में प्रयोग किया जा सकता है तथा कैलकुलेटर परीक्षा भवन में लाना मना है। इन अनुदेशों का किसी भी प्रकार का उल्लंघन किए जाने पर सम्बन्धित उम्मीदवार के विरुद्ध अनुशासनिक कार्यवाही की जा सकती है, जिसमें भविष्य की परीक्षा/चयन में विवर्जन भी शामिल है ।

कीमती/ मूल्यवान सामान और बैग परीक्षा-स्थल के भीतर लाने की अनुमति नहीं है।

संघ लोक सेवा आयोग
नई दिल्ली-110069, दिनांक 08 मई, 2023